अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि डी मार्ट के मालवीय नगर जयपुर के स्टोर पर गुरूवार को सरस और प्रो-वैदिक ब्रांड का नकली घी सीज किया था। डी मार्ट के एरिया मैनेजर से जयपुर स्थित सभी स्टोर्स पर मौजूद घी के स्टॉक की जानकारी मांगी गई थी। मैनेजर ने 2700 लीटर का स्टॉक होना बताया। इस स्टॉक को सीज करने के लिए एक ही जगह एकत्र करने के निर्देश एरिया मैनेजर को दिये गए थे, लेकिन डी मार्ट द्वारा शुक्रवार सुबह ट्रांसफर नोट द्वारा घी का स्टॉक वेंडर को वापस कर दिया गया। इस पर डी मार्ट के विरुद्ध नोटिस जारी कर कार्रवाई की जा रही है।

■ डी मार्ट के लालकोठी स्थित स्टोर पर भी 600 लीटर सरस घी संदेह के आधार पर सीज किया

जांच में यह भी सामने आया है कि जिस फर्म से डी मार्ट द्वारा सरस घी खरीदा गया है, वह फर्म सरस डेयरी की अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर नहीं है और वहां कार्टूनों में नकली घी के डिब्बे बरामद हुए हैं। सरस डेयरी द्वारा खंडेलवाल एंड कंपनी और डी मार्ट के खिलाफ संबंधित थाने में एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है। नकली घी की सूचना पर दौसा एवं निवाई सहित अन्य जगहों पर भी टीमें भेजी गई हैं और समस्त राजस्थान में सूचना देकर प्रो वेदिक घी को सीज करवाया जा रहा है।

डी मार्ट के लालकोठी स्थित स्टोर पर भी 600 लीटर सरस घी संदेह के आधार पर सीज किया और सैम्पल लिए गए। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद शर्मा, अमित शर्मा, देवेन्द्र एवं लोकेन्द्र शामिल रहे।

### आइपर मार्ट पर भी लिए सैम्पल

पंकज ओझा ने बताया कि आइपर मार्ट, सिरसी रोड पर नकली सरस घी की सूचना पर और कानोता स्थित गोदाम पर भी टीम भेजी गई। यहां सरस घी का स्टॉक सही पाया गया। फिर भी एहतियातन आइपरमार्ट के सिरसी रोड के स्टोर से सरस और गोरस घी के सैंपल लिए गए हैं। आइपर मार्ट में टैगोर ब्रांड का नकली तेल पाए जाने पर 4 लीटर तेल सीज करके सैंपल लिया गया है। जोधपुर में भी 103 लीटर अमानक प्रो वैदिक घी सीज किया गया है।

### मानसरोवर में मिठाई के सैंपल लिए

इसी प्रकार जयपुर के मानसरोवर क्षेत्र में श्री अमर मिष्ठान भंडार पर कार्रवाई कर अखरोट बर्फ, पनीर, उपयोग लिए गए खाद्य तेल, इमरती आदि के सैम्पल लिए गए हैं। यहां रसोई में वाशिंग एरिया मानक स्तर का नहीं पाया गया। लाइसेंस उपयुक्त स्थान पर चस्पा नहीं था।

# यू.जी.सी. ने प्रदेश की 14 यूनिवर्सिटी को डिफाल्टर घोषित किया

**जयपुर।** यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन यानी (यूजीसी) ने देशभर की 157 यूनिवर्सिटीज को डिफॉल्टर घोषित कर दिया है। इसमें 108 सरकारी यूनिवर्सिटीज, 47 प्राइवेट यूनिवर्सिटीज और 2 डीम्ड यूनिवर्सिटीज शामिल हैं। जिनमें राजस्थान की सात सरकारी और सात प्राइवेट यूनिवर्सिटी भी शामिल है। यूजीसी ने यह कार्रवाई यूनिवर्सिटीज में लोकपाल नियुक्त नहीं किए जाने के कारण की है।

यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन की ओर से जारी की गई डिफॉल्टर यूनिवर्सिटीज की लिस्ट में मध्यप्रदेश 16 यूनिवर्सिटी के साथ देश में पहले नंबर पर है। जबकि राजस्थान 14 यूनिवर्सिटी के साथ देश में दूसरे स्थान पर है। इसके बाद 12 यूनिवर्सिटी के साथ तीसरे नंबर पर उत्तरप्रदेश और 10 यूनिवरिस्टी के साथ चौथे नंबर पर पश्चिम बंगाल की यूनिवर्सिटीज को डिफॉल्टर के रूप में दर्ज किया गया है।

■ इनमें सात सरकारी, सात प्राइवेट यूनिवर्सिटी शामिल है

■ लोकपाल नियुक्त नहीं करने पर हुई कार्रवाई

दरअसल, इन यूनिवर्सिटीज ने यूजीसी के तय नियम और समय में अपने यहां लोकपाल की नियुक्ति नहीं की थी। लोकपाल की नियुक्ति नहीं करने के चलते ही इन्हें डिफॉल्टर घोषित किया गया है। ऐसे में अब भविष्य में इन यूनिवर्सिटीज द्वारा लोकपाल की नियुक्ति करने के बाद ही इन पर लगा डिफॉल्टर का टैग हट सकेगा।

डिफॉल्टर की गई राज्य की यूनिवर्सिटीज में बाबा आम्टे दिव्यांग यूनिवर्सिटी, जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी, महराज गंगा सिंह यूनिवर्सिटी बीकानेर, राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान यूनिवर्सिटी बीकानेर, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि यूनिवर्सिटी बीकानेर, कोटा यूनिवर्सिटी, विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी, अपेक्स यूनिवर्सिटी जयपुर, मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी, पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी, प्रताप यूनिवर्सिटी, श्री कल्लाजी वैदिक यूनिवर्सिटी, जोधपुर नेशनल यूनिवर्सिटी और जे मनीष आदिवासी यूनिवर्सिटी शामिल है।

## जयपुर में अवैध बजरी परिवहन करते तीन डंपर जब्त

**जयपुर।** जयपर में आज बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना रवन्ना के बजरी का अवैध परिवहन करते तीन डंपर जब्त कर संबंधित पुलिस थानों को सुपुर्द किये गये हैं। वहीं डीग पहाडी के सुजात का खोला में 4 एस्केवेटर जब्त किये गये हैं। प्रदेश में 20 जून तक 445 उपकरण /एस्क्वेटर /डंपर/ ट्रेक्टर आदि की जब्ती की कार्रवाई की जा चुकी है।

खान सचिव आनन्दी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर समूचे प्रदेश में जिला कलक्टर के निर्देशन में संयुक्त कार्रवाई जारी है। उन्होंने अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए खनन कार्य में उपयोग में आने वाली बड़ी मशीनरी आदि के जब्ती पर जोर दिया ताकि अवैध खनन गतिविधियों में लिप्त लोगों में भय का वातावरण बन सके।

# किसानों को बिजली-पानी की कोई कमी नहीं होगी : मुख्यमंत्री

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसानों एवं पशुपालकों की आय में वृद्धि ही राजस्थान की समृद्धि का प्रतीक है। उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने से विकसित राजस्थान की मजबूत नीव तैयार होगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि कृषक कल्याण के संबंधित विषयों को आगामी परिवर्तित बजट 2024-25 में सम्मिलित करने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में किसानों, पशुपालकों और डेयरी संघ के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषि एक व्यवसाय नहीं, कर्तव्य है जिसे किसान पूरी निष्ठा के साथ निभा रहे हैं। विपरीत भौगोलिक एवं जलवायु परिस्थितियों में भी किसान अन्न पैदा कर हमारा पोषण कर रहे हैं। अन्नदाताओं के हम सब ऋणी हैं, यह ऋण नहीं चुकाया जा सकता है।

■ किसानों, पशुपालकों और डेयरी संघ के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकताओं की लिस्ट में कृषक कल्याण सबसे ऊपर रहा है। मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में सबसे पहले किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करने का कार्य किया था। हाल ही में प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में डीबीटी के माध्यम से देश के 9.26 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में करीब 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की। इन लाभान्वित किसानों में राजस्थान के भी 65 लाख से अधिक किसान शामिल हैं, जिनके बैंक खातों में लगभग 1 हजार 300 करोड़ रुपए स्थानांतरित किए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का छह माह का कार्यकाल भी किसानों के सर्वांगीण विकास को समर्पित रहा है। हमारी सरकार ने तत्परता से गेहूं की एमएसपी पर 125 रुपये का बोनस देकर 2,400 रुपये प्रति क्विंटल करने और पीएम किसान सम्मान निधि के तहत देय राशि 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 8 हजार रुपये करने का महत्वपूर्ण निर्णय किया है। साथ ही, 10 हजार करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त फसली ऋण उपलब्ध भी करवाया जा रहा है।

बीकानेर के प्रगतिशील पशुपालक गेनाराम राइका ने राज्य में तेजी से प्रचलित हो रहा ऊंटनी का दूध पैकेज्ड बोटल के रूप में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भेंट किया। प्रदेशभर से आये हुए प्रगतिशील किसानों, पशुपालकों और डेयरी संघो के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री शर्मा के साथ बड़े उत्साह के साथ फोटो भी खिंचवाई।

# टॉल के टेंडर में प्रतिस्पर्धा व सरकार के राजस्व को बढ़ाने के लिये नीति में संशोधन प्रस्तावित

## आर.एस.आर.डी.सी. ने पूर्व अशोक गहलोत सरकार द्वारा जो नीति में संशोधन किये गये थे, उसे विभाग द्वारा पुनर्परीक्षण किया गया है

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान स्टेट रोड डवलपमेंट एंड कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आर. एस. आर. डी. सी.) ने पूर्व अशोक गहलोत सरकार द्वारा वर्ष 2021 और 2023 में ''टोल पॉलिसी-2019'' में जो संशोधन किये गये थे, उसे विभाग द्वारा पुर्नपरीक्षण किया गया है। सभी भागीदार पार्टियों से चर्चा करके और टॉल के निविदाओं में प्रतिस्पर्धा व सरकार को मिलने वाले राजस्व 3में बढ़ोतरी करने के उद्देश्य से कई संशोधन प्रस्तावित किये गये हैं जिसे मंत्री दिया कुमारी की सहमति के बाद लागू किया जायेगा। इन संशोधनों में टॉल टैक्स कलेक्शन की निविदा की अवधि को दो साल से घटाकर छह माह किया जा रहा है जिसे आर.टी.पी.पी. एक्ट के तहत केवल तीन माह तक बढ़ाया जा सकता है।

■ संशोधनों में टॉल टैक्स कलेक्शन की निविदा की अवधि को दो साल से घटाकर छह माह किया जा रहा है

■ निविदा में पाई गई सबसे अधिकतम बोली को निविदा की शर्तों में कानून के तहत वर्णित दो तरह की ''रिजर्व प्राइस'' से तुलना करने के बाद ही टेंडर को स्वीकृत किया जायेगा

■ अगर अधिकतम बोली निचली रिजर्व प्राइस के 90 प्रतिशत से कम है तो निविदा पुनः आमंत्रित की जायेगी परंतु रिजर्व प्राइस 5 प्रतिशत कम कर दिया जायेगा

वहीं टेंडरों की स्वीकृति के लिये पिछली गहलोत सरकार ने नीति में बदलाव किया था जिसके तहत निविदा में पाई गई सबसे अधिकतम बोली को निविदा की शर्त में पाई गई ''रिजर्व प्राइस'' से अधिक पाया जाता था तो उसे प्रबंध निदेशक द्वारा टेंडर को स्वीकृत कर दिया जाता था। नये प्रस्ताव में इस संशोधन को हटाकर 2019 की ही नीति को पुनः अपनाया गया है। इसके तहत निविदा में पाई गई सबसे अधिकतम बोली को निविदा की शर्तों में कानून के तहत वर्णित दो तरह की ''रिजर्व प्राइस'' से तुलना करने के बाद ही टेंडर को स्वीकृत किया जायेगा। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि अगर निविदा में पाई गई अधिकतम बोली दोनो रिजर्व प्राइस से अधिक हैं तो टेंडर की स्वीकृति प्रबंध निदेशक के स्तर पर किया जा सकता है। वहीं आमंत्रित निविदा में पाई गई अधिकतम बोली की दर शर्तों में वर्णित दो रिजर्व प्राइस के बीच की है तो निविदा की स्वीकृति केवल अध्यक्ष के स्तर पर की जा सकती है।

दूसरी ओर अगर निविदा में पाई गई अधिकतम बोली दोनों रिजर्व पाईस से कम हैं परंतु निचले स्तर की रिजर्व प्राइस का 90 प्रतिशत तक है तो यह टेंडर अध्यक्ष द्वारा स्वीकृत किया जा सकता है।

अगर अधिकतम बोली निचली रिजर्व प्राइस के 90 प्रतिशत से कम है तो निविदा पुनः आमंत्रित की जायेगी परंतु रिजर्व प्राइस 5 प्रतिशत कम कर दिया।

## माइंड्री ने भारत भर में योग दिवस मनाया

**जयपुर।** जयपुर में मुख्यालय और मेहुल जैन द्वारा स्थापित, माइंड्री, एक प्रमुख मानसिक स्वास्थ्य और वेलनेस कंपनी, ने 2024 के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारत के 51 स्थानों में योग सत्र आयोजित करके एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया।

इस राष्ट्रव्यापी पहल में बेंगलुरु, दिल्ली, मुंबई, पुणे, चेन्नई, इंदौर, वडोदरा और कोयंबटूर जैसे प्रमुख शहरों से उत्साही भागीदारी देखी गई, जिससे आज की व्यस्त दुनिया में मानसिक स्वास्थ्य और सचेतन के महत्व पर जोर दिया गया।

योग सत्रों को न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए बल्कि प्रतिभागियों के बीच समग्र स्वास्थ्य और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया था।

विविध पृष्ठभूमि के व्यक्तियों को एक साथ लाकर, माइंडरी ने एक एकीकृत भलाई और शांति का वातावरण बनाने का प्रयास किया।

## राजस्थान जनजाति परामर्शदात्री परिषद् में 15 सदस्य मनोनीत

**जयपुर,** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने इसी क्रम में राजस्थान जनजाति परामर्शदात्री परिषद् में सदस्यों का मनोनयन किया है। इस परिषद में राजस्थान विधानसभा में निर्वाचित अनुसूचित जनजाति के 14 विधायकगण सदस्य बने हैं।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि अनुसूचित जनजातियों के सर्वांगीण विकास हेतु परिषद् महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे अनुसूचित जनजातियों एवं अनुसूचित क्षेत्र (टीएसपी) का सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास सुनिश्चित हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि परिषद् द्वारा राज्य की अनुसूचित जनजाति के कल्याण और उन्नति से संबंधित ऐसे विषयों पर भी सलाह दी जाती है जो राज्यपाल द्वारा निर्दिष्ट किए जाएं। राजस्थान जनजाति परामर्शदात्री परिषद् में मुख्यमंत्री द्वारा विधायक महेन्द्रपाल मीणा, हंसराज मीणा, राजेन्द्र मीणा, रामबिलास, समाराम, प्रतापलाल भील, फूल सिंह मीणा, अमृत लाल मीणा, महेश मीणा, शंकर लाल डेचा, कैलाश चन्द्र मीणा, हेमन्त मीणा, गोपीचन्द मीणा, ललित मीणा का मनोनयन किया गया है। साथ ही परिषद् में एक गैर सरकारी सदस्य के पद पर पुष्कर तेली का मनोनयन भी किया गया है।

## कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा तिथि स्थगित

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्य सरकार ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) विद्यार्थियों के व्यापक हित को दृष्टिगत रखते हुए फीटर, इलेक्ट्रीशियन तथा रेफ्रीजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग ट्रेड कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा की तिथि स्थगित करने का निर्णय लिया है।

कौशल, नियोजन एवं उद्यिमता विभाग ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को इस संबंध में अवगत कराते हुए आगामी अक्टूबर-नवम्बर माह में यह भर्ती परीक्षा आयोजित करवाने का आग्रह किया है।

शासन सचिव पीसी किशन ने बताया कि यह निर्णय राजस्थान तकनीकी प्रशिक्षण अधीनस्थ सेवा नियम 1975 (संशोधित) में क्राफ्ट्समैन इंस्ट्रक्टर ट्रेनिंग स्कीम (सीआईटीएस) पाठ्यक्रम अनिवार्य करने के फलस्वरूप लिया गया है। उन्होंने बताया कि सीआईटीएस की परीक्षा जुलाई महीने में होगी और अक्टूबर में परिणाम घोषित होना प्रस्तावित है।

## जे.एम.ए. में डॉक्टर्स ने योग किया

जयपुर। जयपुर मेडिकल एसोसिएशन की ओर से जेएमए प्रांगण में 21 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दौरान एसोसिएशन से जुड़े डॉक्टर्स ने बड़ी संख्या में भाग लेकर योगाभ्यास किया।

जेएमए अध्यक्ष डॉ तरुण ओझा और सचिव डॉ अनुराग शर्मा ने बताया कि जेएमए प्रांगण में शुक्रवार को योग शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. शर्मा ने बताया की दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस योगाभ्यास का संयोजन डॉ. महेश पोद्दार ने किया।

## डॉ. अरूण कुमार को कुलपति का अति.कार्यभार

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने राज्य सरकार की सलाह से आदेश जारी कर स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति डॉ. अरुण कुमार को अग्रिम आदेशों अथवा नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक, जो भी पहले हो, कामचलाऊ व्यवस्था के अंतर्गत अतिरिक्त प्रभार के रूप में कृषि विश्वविद्यालय ,जोधपुर के कुलपति के कार्यों का निर्वाहन करने के लिए निर्देशित किया है।

## जिला परिषद की साधारण सभा आज

**जयपुर,** (का.सं.)। जिला परिषद सभागार में 22 जून को विशेष साधारण सभा की बैठक होगी। जिला प्रमुख रमादेवी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली बैठक में बिजली, पानी, सड़क सहित आमजन से जुड़े अन्य अहम बिन्दुओं पर चर्चा होगी।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने बताया कि बैठक में विगत बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन, महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2024-25 का अनुमोदन, पट्टा पत्रावलियों का अनुमोदन किया जाएगा। बैठक में जिला परिषद के सदस्य, जनप्रतिनिधिगण एवं सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# योग से साध्य-असाध्य रोगों को रिवर्स किया जा सकता है : स्वामी रामदेव

**जयपुर,** (का.सं.)। योगऋषि स्वामी रामदेव तथा आचार्य बालकृष्ण के दिशा निर्देशन में पतंजलि वैलनेस, पतंजलि योगपीठ-2 स्थित योगभवन सभागार में 10वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 'स्वयं और समाज के साथ यूनिवर्स के लिए योग' विषय के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने कहा कि योग व योगमूलक इंटीग्रेटिड ट्रीटमेंट सिस्टम से साध्य-असाध्य रोगों को रिवर्स किया जा सकता है। योगा पफॉर सेल्पफ व सोसाइटी ही नहीं, योगा पफॉर यूनिवर्स अर्थात युग के लिए योग है। पूरे विश्व का मॉडर्न मेडिकल सिस्टम व संसार की सरकारें जो नहीं कर पायी, वो सनातन धर्म मूलक योग से एक संन्यासी ने पतंजलि के माध्यम से करके दिखा दिया है। योग व योगमूलक इंटीग्रेटिड ट्रीटमेंट सिस्टम से असाध्य माने जाने वाले लिवर, किडनी, लंग्स, हार्ट आदि के रोगों को भी रिवर्स किया जा सकता है अर्थात रोगों को जड़ से खत्म किया जा सकता है।

■ योग पूरे विश्व के लिए भारत का सर्वश्रेष्ठ वरदान है : आचार्य बालकृष्ण



**स्वस्थ-भारत व स्वस्थ विश्व के संकल्प के साथ शुक्रवार को पतंजलि योगपीठ में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।**

उन्होंने कहा कि योग, प्राणायाम, सहज योग, एडवांस योग, योगा इन डेली लाइपफ के साथ जीवन को सार्थक बनाएँ। योग हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा है, हमारे जीवन की सभी समास्याओं का समाधान है, योग आत्मानुशासन, आत्मदर्शन, आत्म उपचार तथा आत्म साक्षात्कार है।

## युवक से मारपीट कर सोने की घड़ी व अन्य सामान छीना

**जयपुर।** शिप्रापथ थाना इलाके में तीन बदमाश एक युवक से मारपीट कर सोने की घड़ी, अंगूठी सहित अन्य सामान छीनकर ले गए। पुलिस के अनुसार अग्रवाल फार्म निवासी अंकित जैन ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपनी मां को छोड़कर वापस आ रहा था। रास्ते में वह कुछ समय शिप्रापथ नाले पर रुका।

इसी दौरान गौरव खत्री और उसके कुछ साथी वहां पर आए और उससे शराब के लिए रुपए मांगने लगे। मना करने पर आरोपियों ने उससे मारपीट की और उसकी सोने की घड़ी, सोने की अंगूठी, गाडी की चाबी सहित अन्य सामान छीनकर ले गए। इस पर पीडित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। मानसरोवर थाना इलाके में कार सवार बदमाश एक होमगार्ड के जवान से मारपीट कर 72 हजार रुपए छीनकर ले गए। मालपुरा टोंक निवासी हेमराज ने मामला दर्ज करवाया।

कि वह 200 फीट बाइपास हीरापुरा में नर्सरी पर होमगार्ड के रुप में तैनात है। 20 जून को वह अपने घर जा रहा था।

# गणगौरी अस्पताल के टॉयलेट में मिली युवक की लाश

**जयपुर।** शहर के गणगौर हॉस्पिटल के टॉयलेट में शुक्रवार सुबह एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सफाई के दौरान कर्मचारी को ओपीडी टॉयलेट में युवक का शव पड़ा मिला। कोतवाली थाना पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को हॉस्पिटल के मुर्दाघर में रखवाया है। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि बीमार होने के चलते वह हॉस्पिटल में डॉक्टर के पास दिखाने आया था।

पुलिस ने बताया कि त्रिपोलिया बाजार में स्थित गणगौरी हॉस्पिटल के टॉयलेट में युवक की लाश मिली है। टॉयलेट में युवक की लाश मिलने का पता चलने पर हॉस्पिटल में मौजूद लोगों में सनसनी फैल गई। सुबह करीब 9 बजे हॉस्पिटल प्रशासन ने टॉयलेट में लाश मिलने की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी।

पुलिस के पहुंचने पर हॉस्पिटल की ओपीडी के टॉयलेट में युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सबूत जुटाए। मृतक की पहचान बनवारी (40) निवासी लक्ष्मणगढ़ अलवर के रूप में हुई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को हॉस्पिटल के मुर्दाघर भिजवाया।

पुलिस ने बताया कि पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में आया है कि मृतक बनवारी जयपुर में एक ठेकेदार के पास मजदूरी का काम करता था। वह पिछले काफी समय से बीमार चल रहा था। शुक्रवार सुबह बनवारी बीमारी के चलते डॉक्टर को दिखाने हॉस्पिटल की ओपीडी में आया था।

## बदमाश युवक से मोबाइल छीन ले गया

**जयपुर।** मुहाना थाना इलाके में बाइक सवार बदमाश एक युवक के हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल छीनकर ले गया। पुलिस के अनुसार दृष्टा नगर निवासी विकास सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि वह 19 जून की रात करीब नौ बजे घर के बाहर टहल रहा था। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश आया और उसके हाथ पर झपट्टा मार कर उसका आईफोन छीनकर ले गया।

## 'योग से शरीर निरोग रहता है'

**उदयपुरवाटी** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्कूल के खेल मैदान में शुक्रवार को उपखंड स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेद प्रशिक्षकों द्वारा योग करवाए गए। उपखंड स्तरीय कार्यक्रम में एसडीओ मोनिका सामोर की अध्यक्षता में योग प्रशिक्षक ममता और विकास कुमावत ने विभिन्न प्रकार के योग करवाए। शिविर मे उपखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी व आमजन मौजूद थे। प्रशिक्षकों द्वारा योग करने से पहले योग की जाने वाली गतिविधियों के बारे में बताया। डॉ कुमावत ने कहा कि योग करने से शरीर निरोग रहता है और मनुष्य जीवन में आने वाले बहुत से विकार दूर होते हैं। एसडीओ सामोर ने सभी से नियमित योग करने की बात कही। ब्रह्माकुमारी आश्रम की बहन सुनीता कुमारी ने कहा कि नियमित योग और प्राणायाम आदि करने से मनुष्य का मन स्थिर रहता है और किसी प्रकार के निगेटिव विचार नहीं आते। इस मौके पर चैयरमेन रामनिवास सैनी, बीसीएमओ डॉक्टर मुकेश, सीएससी प्रभारी डॉ, अनिमेष गुप्ता, डॉ, मीनाक्षी शर्मा, डॉ, परमानंद शर्मा, सीबीईओ आत्माराम, एसीबीओ बृजलाल देवरिया चौधरी देवठिया, चौधरी देवीलाल सहित कई मौजूद थे।

# दुनिया को भारत की महान और महत्त्वपूर्ण देन है योग: राठौड़



चूरू पुलिस लाइन में दशम् अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का शुभांरभ जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने किया।

**चूरू**, 21 जून (का.सं.)। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय तथा राजस्थान सरकार के आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा विभाग की ओर से दशम् अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को जिलेभर में योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया, विधायक हरलाल सहारण, जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी, विद्यार्थी, एनएसएस एवं एनसीसी कैडेट्स एवं आमजन ने योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि ज्ञान.विज्ञान की महान भारतीय परम्परा में महर्षि पतंजलि ने योग का प्रवर्तन किया तो महर्षि अरविंद ने दुनिया को योग से परिचित करवाया। योग इस दुनिया को भारत की महान एवं महत्त्वपूर्ण देन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रभाव से आज दुनिया के 182 देश योग दिवस मना रहे हैं। यह बड़ी महत्त्वपूर्ण बात है। योग व्यक्ति के तन.मन को स्वस्थ बनाए रखता है और एक सकारात्मक व रचनात्मक व्यक्तित्व का निर्माण करता है। हम सभी को अपने जीवन में योग का स्थान देना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि उन्होंने दुनिया के अनेक देशों में अपनी ट्रेनिंग की है। वहां योग को बहुत महत्त्व मिल रहा है। दुनियाभर में दक्ष योग शिक्षकों की बड़ी डिमांड है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को पूरी दुनिया में बढ़ावा देने में बड़ी अहम भूमिका निभाई है। योग से व्यक्ति का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनता है तथा एकाठाता आती है। युवा योग के क्षेत्र में अपना कैरियर भी बना सकते हैं। वर्तमान समय में प्रत्येक व्यक्ति कहीं न कहीं स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे में योग लोगों के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है। हमें योग को अपनी दिनचर्या में अवश्य ही शामिल करना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि आज की भागमभाग की जिंदगी और मिलावटी खानपान से हर व्यक्ति के सामने बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में हम अपनी दिनचर्या को बेहतर बनाकर इस चुनौती से निपट सकते हैं। योग इसमें बहुत ही अहम भूमिका निभा सकता है। हम सभी को यह कोशिश करनी चाहिए कि योग के लिए समय निकालें ताकि हमारा तन.मन स्वस्थ रहे। कार्यक्रम में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र प्रभारी डॉ संतरा जाट ने प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास करवाया। इस दौरान ठीवा चालन, स्कंध चालन, कटि चालन, जानु संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, वङ्कासन, उष्ट्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, अनुलोम विलोम, शीतली आदि व्यायाम आसन कराए गए। अतिरिक्त जिला कलक्टर उत्तम सिंह राठौड़ ने आभार जताया। संचालन मनीष दाधीच ने किया।

## सार-समाचार

### 'योजना का लाभ उठाएं युवा'

**चूरू**, 21 जून (का.सं.)। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र की ओर से शुक्रवार को जिले के तारानगर पंचायत समिति परिसर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के प्रचार.प्रसार हेतु विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया ने बताया कि शिविर में उपस्थित व्यक्तियों को योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई और बताया गया कि दलित.आदिवासी युवा जागरुक होकर विभाग की योजनाओं का लाभ उठाएं। इस दौरान प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रमए मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजनाए मुख्यमंत्री युवा उद्यम प्रोत्साहन योजनाए आर्टिजन पहचान पत्र आदि के बारे में भी विस्तार से बताया गया। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले असंगठित श्रमिकों को प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन पेंशन योजना की जानकारी दी गयी। शिविर में पंचायत समिति सदस्य मोहर सिंह, सात्यूं सरपंच सुरेन्द्र मेघवाल, राकेश सिंहाग, विकास कुमार व्यास, भंवरलाल बुचावास, मगलचंद बरोड, महेन्द्र कुमार, भतेरी देवी, सीतारामए रचना, रामसिंह देवगढ़ सहित अनेक उद्यमी एवं युवा उपस्थित रहे।

### जन चेतना रैली निकाली

**सीकर** / राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सीकर के तत्वावधान में पीएम श्री राधा कृष्ण मारू राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सीकर योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बालक बालिकाओं ने योग किया। उसके बाद मारू स्कूल से योग के प्रति जन जागृति के लिए जन चेतना रैली आयोजन किया गया। जिसको हरी झंडी दिनेश पुरोहित प्रधानाचार्य पीएम श्री राधा कृष्ण मारू राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सीकर ने दिखाकर रवाना किया । रैली में स्काउट गाइड बालक बालिका स्काउट गाइड पदाधिकारी हाथों में तक्तियां, बैनर लेकर नारे लगाते हुए और योग पर धमाल गाते हुए पुलिया, कलेक्ट्रेट ,कल्याण सर्किल होते हुए एस के स्कूल मैदान पर पहुंची जहां पर जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लिया उसके बाद वापस सीकर में विभिन्न मार्गो से होते हुए रैली मारू स्कूल पहुंची । वहां पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । स्काउट गाइड सदस्यों द्वारा जिले भर में योग से संबंधित कार्यक्रम आयोजित गए किए।

### वीरांगनाओं की समस्याओं का समाधान

**सीकर** । जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ब्रिजेन्द्र सिंह महला ने बताया कि रामगढ़ शेखावाटी में आयोजित समस्या समाधान शिविर में केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से पूर्व सैनिक, वीरांगनाओं व आश्रितों की समस्याओं का समाधान किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में सम्मान भत्ता एक, पेंशन संबंधी 3, ईसीएचएस सुविधा 2, आश्रितों को सुविधा एक, सीएसडी स्मार्ट कार्ड 1, रिलेशन संबंधी 1,पीपीओ 1 , डिस्चार्ज बुक 2, बैंक एक, अन्य 2 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर पूर्व सैनिक, वीरांगनाओं व आश्रितों को लाभान्वित किया गया है।

### योग दिवस मनाया

**चूरू**,21 जून (का.सं.)। जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चूरू में दसवॉ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान ने वर्तमान में जीवन मे योग के महत्त्व के बारे में विद्यार्थियों को बताया ।उन्होंने जीवन में योग का महत्त्व बताते हुए प्रतिदिन करने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने योग को सभी बीमारियों से मुक्ति दायक बताया।उन्होंने बताया कि योग करने से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनता है तथा योग करने से एकाठाता बढ़ती है। इस अवसर पर विद्यालय के खेल प्रशिक्षक प्रताप नैन के निर्देशन में सभी विद्यार्थियो तथा सभी कर्मचारियों ने विभिन्न योगासन किये ।

### बागला के निधन से चूरू में शोक

**चूरू**. 21जून (का.सं.)। जिला मुख्यालय पर विगत 19 जून को शहर के समाज सेवी श्रवण कुमार बागला का निधन होने पर प्रबुद्धजनो ने स्वण् बागला को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय श्रवण बागला के पुत्र विनोद व दीनदयाल ने जानकारी देते हुए बताया कि बैकुंठ वासी बागला का एकादशा 29 जुन व द्वादशा 30 जून को होगा। बागला के निधन से चूरू में शोक की लहर छा गई है। शहर के प्रबुद्धजनों ने बागला के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा को शान्ति मिलने की प्रार्थना की है व श्रद्धांजलि अर्पित की हैं।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिंह ने किया धोद सी.एच.सी. का निरीक्षण

**सीकर**, । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने शुक्रवार को पिपराली बीसीएमओ डॉ अजीत शर्मा के साथ धोद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टाफ की उपस्थिति, दवाइयों की उपलब्धता, लैब में जांच की स्थिति व उपकरणों का रखरखाव, साफ सफाई का जायजा लिया।


सीएमएचओ डॉ निर्मल सिंह ने बरसात के मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियों की रोकथाम के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए। साथ ही 30 जून से आयोजित होने वाले पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत शून्य से पांच साल तक के सभी बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने बूथ करवेज पर जोर देते हुए अभिभावकों को पोलियों बूथ पर लाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आशा सहयोगिनी, एएनएम व सीएचओ के द्वारा लोगों को बूथ पर बच्चों को दवा पिलाने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सीएचसी के प्रभारी अधिकारी व अन्य चिकित्सकों से संस्थान में आमजन को दी जा रही चिकित्सकीय सेवाओं व सुविधाओं को जायजा लेते हुए गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती के स्वास्थ्य की जांच, प्रसव, टीकाकरण, परिवार कल्याण, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, एनसीडी स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड वितरण आदि समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुसार उपलब्धि अर्जित करने के निर्देश दिए।

## योगाभ्यास किया

**चूरू**, 21 जून (का.सं.)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अंतर्गत ग्राम पंचायत लूंछ में योगाभ्यास गतिविधियां आयोजित की गई। ग्राम पंचायत नोडल अधिकारी वैद्य लीलाधर शर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल अनुसार ग्राम स्तर तक प्रात: 7 से 8 बजे तक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। लूंछ के राउमावि में सरपंच संपत राम के मुख्य आतिथ्य तथा प्राचार्य शिवशंकर शर्मा की अध्यक्षता में योगाभ्यास का आयोजन हुआ। शारीरिक शिक्षक सुमन कंवर ने योग प्रोटोकॉल अंतर्गत योगाभ्यास करवाया। प्रार्थना से प्रारंभ हुआ कार्यक्रम योग के संकल्प एवं शांतिपाठ उपरांत आयोजन सम्पन्न हुआ। समाजसेवी मुरलीधर शर्मा एवं सरपंच संपतराम ने योग संबंधी प्रेरणास्पद उद्बोधन दिया। शर्मा ने बताया कि ठाम पंचायत अंतर्गत गुंसाईसर, रघुनाथपुराए देराजसर गांवों के विद्यालयों में भी योग दिवस के आयोजन हुए। कंपाउंडर राकेश कुमार बड़जाती ने सहयोग किया।

# बच्चों ने सूर्य नमस्कार किया



पोलोग्राउण्ड स्थित विद्याश्रम पब्लिक स्कूल, सीकर में बच्चों ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग का शानदार प्रदर्शन किया।

**सीकर** । स्थानीय पोलोग्राउण्ड स्थित विद्याश्रम पब्लिक स्कूल, सीकर में बच्चों ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग का शानदार प्रदर्शन किया। संस्था निदेशक मंजू लाटा ने योग के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि सूक्ष्म व्यायाम, योग, प्राणायाम प्रतिदिन करने से व्यक्ति स्वस्थ व निरोगी बनता है। योग व प्राणायाम को दिनचर्या का हिस्सा बनाने से व्यक्ति तनाव रहित भी रहता है व मानसिक रूप से भी स्वस्थ एवं मजबूत रहता है। नियमित योगासन करने से आज के इस व्यस्ततम जीवन में ब्लड प्रेशर, शुगर जैसी घातक बीमारियों से बचा जा सकता है। बच्चों ने सूर्य नमस्कार के माध्यम से योग का शानदार प्रदर्शन किया। बाद में सूक्ष्म व्यायाम व प्राणायाम के माध्यम से योग की श्रेष्ठता सिद्ध की।

## बच्चों ने योगासन का शानदार प्रदर्शन किया

**सीकर**, 21 जून (नि.सं.)। शुक्रवार को स्थानीय पोलोठााउण्ड स्थित विद्याश्रम पब्लिक स्कूल, सीकर में बच्चों ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग का शानदार प्रदर्षन किया।

संस्था निदेषक मंजू लाटा ने योग के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि सूक्ष्म व्यायाम, योग, प्राणायाम प्रतिदिन करने से व्यक्ति स्वस्थ व निरोगी बनता है। योग व प्राणायाम को दिनचर्या का हिस्सा बनाने से व्यक्ति तनाव रहित भी रहता है व मानसिक रूप से भी स्वस्थ एवं मजबूत रहता है। नियमित योगासन करने से आज के इस व्यस्ततम जीवन में ब्लड प्रेशर, शुगर जैसी घातक बीमारियों से बचा जा सकता है।

# नहीं थम रहा है ओवरलोड वाहनों का आवागमन

**पाटन** । जिला कलेक्टर के आदेशों के बाद भी पाटन वाटी क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों के आवागमन पर रोक नहीं लग पा रही है। सड़कों पर बेखौफ ओवरलोड पत्थर एवं रोडी से भरे ट्रेलर दौडते हुए देखने को मिल सकते हैं। मजेदार बात यह और है कि इन वाहनों के पीछे लगी नंबर प्लेटों पर ग्रीस लगी हुई रहती है, ऐसे में पीछे के नंबर दिखाई तक नहीं देते हैं। ओवरलोड वाहनों से आए दिन दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है, इसके लिए पुलिस ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई भी करती है परंतु यह कार्रवाई इतनी ही होती है जैसे ऊंट के मुंह में जीरा। परिवहन इंस्पेक्टर जब अपनी गाडी लेकर सडक पर कार्रवाई करने आते हैं तो ये ओवरलोड वाहन सडक के किनारों पर खडे कर दिए जाते हैं तथा चालक अपने वाहनों को छोडकर चले जाते हैं। इसका मतलब साफ है कि ओवरलोड वाहनों के आगे पीछे कुछ ऐसे लोग होते हैं जो इनकी सूचना वाहन चालकों को दे देते हैं। जिस कारण रोड पूर्ण रूप से खाली हो जाता है। रात के समय में सैकडों ओवरलोड वाहन चलते हैं, परंतु रात के समय अकेली पुलिस या अकेला परिवहन निरीक्षक कुछ भी नहीं कर सकता है। सर्वाधिक ओवरलोड वाहनों में चलने वाली गाड़ियां गंगोत्री ट्रांसपोर्ट कंपनी, संदीप यादव बहरोड की होती है जिनकी एक साथ रोड पर बीस से तीस गाडियां देखने को मिल सकती है।

परिवहन निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद मीणा नीमकाथाना का कहना है कि जब ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए आते हैं तो वाहन चालक या वाहनों के आगे पीछे कोई चलने वाला व्यक्ति इसकी सूचना वाहन चालकों को दे देता है, जिस कारण ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई नहीं हो पाती है।

## पेंशनरों से संवाद 24 को

**चूरू**, 21 जून (का.सं.)। अप्रैल माह से बढाई गई पेंशन राशि का लाभ चूरू जिले के 2 लाख 33 हजार 791 पेंशनरों को मिलेगा।

इस सिलसिले में 24 जून को आरआईसी, झालाना संस्थानिक क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा बढ़ी हुई पेंशन राशि का हस्तांतरण करेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से राज्य के पेंशनरों के साथ वर्चुअली संवाद करेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरविंद ओला ने बताया कि इस दौरान जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## 'सामंजस्य एवं शक्ति के लिए योग जरूरी'

**झुंझुनूं**, 21 जून। जिला मुख्यालय स्थित एसीआई स्कूल में शुक्रवार को 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। विद्यार्थियों ने व्याख्याता सुनिल जांगिड़ के नेतृत्व अनेक योग प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, सूर्य नमस्कार आदि किए एवं उनके महत्व को बारिकी से समझा एवं योग करने के नियम एवं सावधानियों को विस्तार से समझा। इस अवसर संस्था निदेशक विकास शर्मा ने कहा कि योग से कर्म में कुशलता आती है। योग ही एक ऐसी कला है। जिससे जटिल से जटिल रोगों को दूर किया जा सकता और स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है। संस्था निदेशक मनोज शर्मा ने योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शरीर से प्रेम है तो आसन्न करे, सांस से प्रेम है तो प्राणायाम, आत्मा से प्रेम है तो ध्यान करें और परमात्मा से प्रेम है तो समर्पण करें। इस अवसर पर फाउंडेशन हैड विजय सैनी, सुनिल कुमार, दिनेश वर्मा, अशोक जांगिड़, राधेश्याम शर्मा, नरेंद्र कुमावत, धर्मेंद्र नागर, जयप्रकाश शर्मा, महेंद्र सिंह, दिनेश आचार्य, संदीप झाझड़िया, दिवेंक शर्मा, नरेश कुमार, आशा शर्मा, प्रियंका शर्मा, सरोज, निशा शर्मा, सुमन चौहान, वैशाली, ऐश्वर्या स्वामी, ऋतिका बहुगुणा, सरिता कुमारी, पूनम जांगिड़, दिव्या रोहिला, राकेश, हेमंत जांगिड़, शिवकुमार पालीवाल, रमेश मील उपस्थित थे।


**नाम परिवर्तन**

मेरा पुत्र राहुल कुमार टेगौर पब्लिक स्कूल राजगढ में अध्ययनरत है। मेरे पुत्र के स्कूल रिकॉर्ड में मेरे पुत्र राहुल कुमार की माता का नाम भूलवश मुनेश (MUNESH) दर्ज हो गया जो गलत है। जबकि मेरे पुत्र राहुल कुमार की माता का सही नाम मुनेश देवी (MUNESH DEVI) है, जो उनके सभी दस्तावेजो में सही दर्ज है। मेरे पुत्र राहुल कुमार की माता का नाम मुनेश (MUNESH) के स्थान पर संशोधन कर मुनेश देवी (MUNESH DEVI) स्कूल के एस. आर. रजिस्टर क्रमांक 5369 में किया जाना न्यायोचित व सुसंगत है।

**शपथग्रहिता-रोहताश कुमार आयु 39 साल पुत्र श्री काशीराम, जाति जाट निवासी छानी बडी तहसील भादरा जिला हनुमानगढ (राजस्थान)**



**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर 17/2024

**(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)**

चूंकि प्रार्थी श्री मनोज कुमार पुत्र श्री सीताराम महर्षि निवासी वार्ड नं 25 रतनगढ तहसील रतनगढ जिला चुरू (राज.) ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास श्री श्याम जन कल्याणार्थ मनुश्री चैरिटेबल ट्रस्ट खाटूश्याम जी तहसील दातारामगढ जिला सीकर में संशोधित विधान को दर्ज अखिलेख कराने हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुवे परिवर्तन / सशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 20.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइन्दा तारीख पेशी 29.07.2024

मोहर अदालत

**सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**


## कलक्टर ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के साथ योग किया



पाटन में अन्तराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

**पाटन** । राज्य सरकार के निर्देशानुसार 10 वाँ अन्तराष्ट्रीय योग दिवस 2024 का आयोजन नीमकाथाना जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार के आयुष विभाग की ओर से प्रात: 07.00 से 08.00 बजे तक जिला मुख्यालय स्थित नेहरु पार्क में किया गया।

इस अवसर पर जिला कलक्टर शरद मेहरा, एसडीएम राजवीर यादव, नगर परिषद् आयुक्त सुरेश मीणा, जिला परिषद् एसीओ मुरारी लाल शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी राधेश्याम योगी, तहसीलदार महेश ओला सहित कई अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत कलक्टर ने दीप प्रज्ज्वलित कर देवी सरस्वती को पुष्प अर्पित कर किया। सामूहिक योगाभ्यास के दौरान प्रात: 7 बजे से 8 बजे तक योग की विशिष्ट क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। कलक्टर शरद मेहरा सहित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी, अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं, गणमान्य नागरिकों ने उत्साह पूर्वक योगाभ्यास किया। इस अवसर पर कलक्टर शरद मेहरा ने कहा आज व्यस्तता भरी, भाग-दौड़ की जिंदगी में योग से शरीर में नई ऊर्जा और शक्ति का संचार होता है।

जिससे तन और मन स्वस्थ रहता है। योग स्वयं करें और सभी को योग करने के लिए प्रेरित अवश्य करें, इससे मानसिक, वैचारिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है। इसलिए योग को जीवन का हिस्सा बनावे एवं दिनचर्या में शामिल करें। उन्होंने इस अवसर पर लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा उपस्थित सभी लोगों को ठंडी छाछ पिलाई गई।

# हमें योग को अपनी आदत में शामिल करना चाहिए : कलेक्टर

### योग को हर घर तक पहुंचाएं, जिससे घर के प्रत्येक नागरिक स्वच्छ और निरोग रह सके : पूर्व सांसद सरस्वती



सीकर के एस.के. स्कूल के ग्राउंड में 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया।

**सीकर** । जिला प्रशासन व आयुर्वेद विभाग द्वारा शुक्रवार को एसके स्कूल के ग्राउंड में 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी, एसपी भुवन भूषण यादव ने भी योग किया।

जिला कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों ने रविन्द्र धाबाई के नेतृत्व में योग प्रशिक्षक आलोक कौशिक, डॉ. रजनी प्रभा, अभिलाषा रणवां, महावीर जांगीड़ के निर्देशन में प्रात: 7 बजे विद्यार्थियों व आमजन को योग प्राणायाम व आसन करवा कर योग दिवस की शुरुआत की। जिला स्तरीय योग दिवस समारोह में 2 हजार से अधिक स्टूडेंट्स व शहर के लोगों ने भाग लेकर योग किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने कहा कि मानसिक तनाव को दूर करने के लिए योग जरूरी है। मेरी सभी बच्चों से अपील है कि वह प्रतिदिन योग करें, इसकों अपनी आदत में रखें ताकि वे अपनी पढ़ाई के तनाव को दूर रख सके। उन्होंने कोचिंग संस्थानो के बच्चों से भी आग्रह किया है कि वें अपने संस्थान में अध्ययनरत् बच्चों को योग के प्रति जागरूक करें ताकि वें अपने जीवन में योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर सके। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि योग को हर घर तक पहुंचाएं जिससे हर घर के नागरिक स्वच्छ और निरोग रह सके। उन्होंने योग दिवस के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और योग गुरू बाबा रामेदव का धन्यवाद ज्ञापित किया जिनकी बदौलत आज योग को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली। उन्होंने कहा कि आज योग दिवस के कार्यक्रम में शहर के लोगों सहित बच्चों को योग करवाया गया है जिससे वें योग को अपने जीवन का एक अहम हिस्सा बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन योग से स्वास्थ्य लाभ, मन शांत रहता है, इसके साथ ही पारिवारीक सांमन्जय और पारिवारीक समरसता का सबसे अच्छा तरीका है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सरस्वती ने नशा मुक्ति की शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम में योगाभ्यास प्रतिभागियों को मनसुख रणवां स्मृति संस्थान की अभिलाषा रणवां ने सभी को औषधीय पौधों का नि:शुल्क वितरित किया गया। कार्यक्रम में स्काउट गाइड के साथ में स्कूली बच्चों ने भाग लिया वहीं जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कार्मिकों, शहर के युवा, बुजुर्ग महिलाओं ने भी योग प्रणाम करके अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अपनी भागीदारी निभाई।

जिला साक्षरता अधिकारी राकेश लाटा ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु आईपीएस शाहिन सी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर हेमराज परीडवाल, उपखण्ड अधिकारी सीकर जय कौशिक, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं उप निदेशक आयुर्वेद बनवारी लाल शर्मा, सहायक निदेशक राजेश शर्मा,योगेश मिश्रा, नगर परिषद आयुक्त शशीकांत शर्मा, लॉयन्स कल्ब, डायमण्ड, आरोग्यम एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान, नवोदय अस्पताल, गायत्री पीठ , पतंजली योग संस्थान, भारत माता मंदिर, जिल के जनप्रनिधि, अधिकारी, कोचिंग संस्थानों के बच्चें एवं उपस्थित थे।


**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर 16/2024

**(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)**

चूंकि प्रार्थी श्री लक्ष्मण सिंह पुत्र श्री कजोडमल, अध्यक्ष श्री गौसाई मंदिर विकास एवं सेवा समिति ट्रस्ट जेरठी सीकर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास श्री गौसाई मंदिर विकास एवं सेवा समिति ट्रस्ट जेरठी सीकर में प्रन्यास मे हुऐ न्यासी परिवर्तन को दर्ज अखिलेख कराने हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुवे परिवर्तन / सशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तिया प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ठासित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 20.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइन्दा तारीख पेशी 29.07.2024

मोहर अदालत

**सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**




कल्याण चौबे जितनी जल्दी पद छोड़ेंगे, देश में फुटबॉल के भविष्य के लिए उतना ही बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल उनकी देख-रेख में इस देश में बिल्कुल नहीं बढ़ रहा है। - इगोर स्टिमक

पूर्व भारतीय फुटबॉल कोच, एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे पर टिप्पणी करते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



## पैट कमिंस

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान पैट कमिंस टी20 की कप्तानी से मुक्त होने के बाद खेल का पूरा लुत्फ उठा रहे हैं और उन्हें खुशी है कि उनकी टीम टी20 विश्व कप में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ सुपर 8 के मैच में हैट्रिक बनाई। उन्होंने 29 रन देकर तीन विकेट लिए और अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। कमिंस ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा,"हमने वास्तव में हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। हमने शानदार खेल दिखाया जैसे कि आप सुपर 8 चरण में चाहते हैं।"

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टैस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

# ऋषभ पंत का बतौर विकेटकीपर कमाल, एक साथ तोड़ा दिग्गजों का कीर्तिमान



